06 सितम्बर 2017

कोरियाई प्रायद्वीप में स्थिति: छह पक्षीय सदस्यों (उत्तर कोरिया, अमेरिका, दक्षिण कोरिया, चीन, रूस और जापान) की प्रतिक्रिया- किसने क्या कहा, 1-5 सितम्बर, 2017

डॉ. जोजिन वी. जॉन

देश	**टिप्पणी**
उत्तर कोरिया	**प्रवक्ता- विदेश मंत्रालय** 5 सितम्बर, 2017 “अमेरिका आत्मरक्षा में परमाणु शक्ति को मजबूत करने के हमारे उपायों संबंधी मुद्दे को उठाते हुए डीपीआरके को बदनाम करने के लिए उन्मत्त हो रहा है किंतु यह अमेरिका के वास्तविक रूप को छुपाने के लिए कुतर्क है क्योंकि बढ़े हुए तनाव और परमाणु खतरे के लिए मुख्य दोषी वही है।” “ट्रंप द्वारा दिए गए असभ्य और युद्धकारी टिप्पणी तथा अमेरिका द्वारा डीपीआर के साथ संघर्ष के लिए अमेरिकी उन्माद यह बतलाता है कि अमेरिका वास्तव में घृणित आक्रमणकारी है जो कोरिया प्रायद्वीप पर शांति और स्थायित्व के आह्वान के अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सामुहिक आवाज की अवहेलना कर युद्ध चा रहा है।” “ट्रंप प्रशासन के उभरने के साथ हीं अमेरिका डीपीआरके की संप्रभुता तथा इसके अस्तित्व और विकास के अधिकारों को पूरी तरह समाप्त करने के अपने प्रयासों में अधिक अविचारी बन गया है और हमारे पास राष्ट्रीय परमाणु ताकत को और मजबूत बनाने के अपने प्रयासों को और तेज करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था।” “आईसीबीएम के लिए एच-बम का हाल का परीक्षण राष्ट्रीय परमाणु शक्ति को पूरा करने के अंतिम लक्ष्य को हासिल करने के हमारे प्रयास का एक हिस्सा है।” “हम अपने स्वयं के प्रति आक्रमक तरीके से इस जघन्य अमेरिकी प्रतिबंधों और दबाव का उत्तर देंगे और अमेरिका होने वाले सभी भयानक परिणामों के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा।” “अमेरिका को डीपीआरके की उपस्थिति के बारे में एक क्षण के लिए भी नहीं भूलना चाहिए, जो डीपीआरके पूर्ण रूपेण आईसीबीएम और परमाणु बम व हाइड्रोजन बम से लैस है।” **हैन टे सांग- संयुक्त राष्ट्र संघ में राजदूत** 5 सितम्बर, 2017 "मेरे देश, डीपीआरके द्वारा हाल के किए गए आत्मरक्षा के उपाय सिर्फ अमेरिका को संबोधित एक उपहार है।” "जब तक अमेरिका डीपीआरके पर दबाव डालने के लिए अपने अविचारी भड़काऊ और बेकार के प्रयास करता रहेगा उसे मेरे देश से और अधिक उपहार प्राप्त होंगे।” **रोडोंग सिनमुन** 5 सितम्बर, 2017 “यदि अमेरिका साम्राज्यवादी डीपीआरके को अटपटे तरीके से भड़काता रहेगा, वह सबसे बड़े हादसे से भागने में सफल नहीं हो पाएगा।” “स्पष्ट रूप से डीपीआरके की रणनीतिक स्थिति, ज्युक की परमाणु शक्ति और विश्व व्यापी सैन्य शक्ति और समय के रूख को देखें। एक क्षण के लिए भी यह नहीं भूलें कि तीव्र अत्याधुनिक हमले का अर्थ अमेरिका पर लक्ष्य होगा। यह सोंगुन कोरिया की गंभीर चेतावनी है।”

	केसीएनए 3 अगस्त, 2017 "डीपीआरके के परमाणु क्षेत्र में वैज्ञानिकों ने 3 सितम्बर को 12.00 बजे डीपीआरके के उत्तरी परमाणु परीक्षण क्षेत्र में आईसीबीएम के लिए हाइड्रोजन बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, यह रणनीतिक परमाणु शक्ति को तैयार करने के लिए वर्कर्स पार्टी आफ कोरिया की योजना अनुसार थी।" "हाइड्रोजन बम परीक्षण को शक्ति नियंत्रण प्रौद्योगिकी और आंतरिक बनावट संरचना की परिशुद्धता और विश्वसनीयता की जांच व परिपुष्टि करने के लिए किया गया था, इसे आईसीबीएम के पेलोड पर प्रतिस्थापित करने हेतु हाइड्रोजन बम के निर्माण में अभी शुरू किया गया है।" "यह सफलता राष्ट्रीय परमाणु शक्ति को पूरा करने के अंतिम लक्ष्य को पाने में बड़ा महत्वपूर्ण अवसर भी है।" **रोडोंग सिनमुन** 3 सितम्बर, 2017 "माननीय सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने तत्स्थानिक परमाणु शस्त्रीकरण के लिए मार्गदर्शन दिया।" "इस संस्थान ने हाल ही में एक अधिक विकसित परमाणु शक्ति को तैयार करने में सफलता प्राप्त की है जो परमाणु शस्त्रीकरण में एकल रूझान में परिवर्तन लाने के लिए डब्लूपीके के रणनीतिक इरादे के अनुसार है। उन्होंने देखा कि किस प्रकार हाइड्रोजन बम को नए आईसीबीएम में लगाया जाता है।" **रोडोंग सिनमुन** 1 सितम्बर, 2017 "हमारे गणतंत्र (उत्तर) का सबसे कठिन कदम यथा हवासोंग-14 आईसीबीएम और हवासोंग-12 आईआरबीएम का प्रक्षेपण न केवल अमेरिका बल्कि इसके अंध भक्त जापान के लिए एक गंभीर चेतावनी है क्योंकि वे हमारे संप्रभुता तथा जीवन व विकास के अधिकार के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं।" **प्रवक्ता- विदेश मंत्रालय** 1 सितम्बर, 2017 "डीपीआरके ने स्पष्ट रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के 'अध्यक्षीय वक्तव्य' को निरस्त कर दिया कि यह किसी संप्रभु राज्य की आत्मरक्षा के अधिकार का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है।" "हमने पहले ही अमेरिका को चेताया था कि हम इसके आचरण की निकटता से निगरानी करेंगे। इस समय केपीए के रणनीतिक बल द्वारा किए जा रहे मध्यम और लंबी दूरी के बैलेस्टिक रॉकेट प्रक्षेपण अभ्यास केवल अमेरिका के विरूद्ध किए जाने वाले दृढ़ प्रति उपाय के लिए पूर्व भूमिका है क्योंकि उसने युद्धरत उलजी स्वतंत्रता गार्डियन संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू कर हमारी चेतावनी का जबाव दिया।" "डीपीआरके की क्रांतिकारी सशस्त्र सेना कई और बैलेस्टिक रॉकेट लांचिंग ड्रिल करेगा जिसका लक्ष्य प्रशांत क्षेत्र होगा ताकि अपने रणनीतिक बल का आधुनिकीकरण हो और वास्तविक लड़ाई क्षमता में बढ़ोतरी हो सके।"
अमेरिका	**डोनाल्ड ट्रंप- राष्ट्रपति** 5 सितम्बर, 2017 "मैं जापान और दक्षिण कोरिया को अनुमति दे रहा हूं कि वे अमेरिका से अपेक्षित मात्रा में अत्याधुनिक सैन्य साजो समान खरीदे।" **सरभ सैंडर्स- प्रेस सचिव, ह्वाइट हाउस** 5 सितम्बर, 2017 "इस प्रशासन की प्राथमिकता यह है कि कोरियाई प्रायद्वीप को परमाणु हथियार से मुक्त किया जाए और यह अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए भी है।" "समझौते के संदर्भ में हम कूटनीतिक और आर्थिक रूप से आक्रमक उपायों की खोज कर रहे हैं।" "हम अपनी प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट रहे हैं जो हैं: कि अभी हमारे लिए समय नहीं है कि हम उत्तर कोरिया से बातचीत में अधिक समय लगाए बल्कि हम यथा संभव दबाव के सभी उपाय करें। और हम इस प्रक्रिया के माध्यम से ऐसा करना जारी रखेंगे।" **एडमिन स्कॉट स्वीफ्ट- अमेरिकी पैसेफिक फ्लीट प्रमुख** 5 सितम्बर, 2017 "हम वाहक आक्रमण समूह, असाधारण आक्रमण समूह, एईजीआईएस जहाजों, विश्व के सबसे सक्षम पनडुब्बी सेना और उन्नत विमान यथा एफ-35, पी-8 तथा एमएच-60आर को तैनात करना जारी रखेंगे ताकि समय आने पर निर्णायक रूप से उत्तर देने के लिए तैयार रह सकें। "

	"आज हमारे प्लेटफार्म में लंबी दूरी की पहुंच क्षमता है, जो अधिक अंतर्संबंध वाला है तथा इसमें पूर्व की क्षमता की अपेक्षा अधिक खतरनाक है।" "हमारी क्षमता विरोधी को थोड़ा ठहरने दें और यह नोट करने दें कि केवल अमेरिकी पैसेफिक फ्लीट से अधिक शक्तिशाली नौसेना अमेरिकी नौसेना की संपूर्णता है। " **निक्की हेले- संयुक्त राष्ट्र संघ में अमेरिका के स्थायी प्रतिनिधि** 4 सितम्बर, 2017 "सुरक्षा परिषद् के सदस्यों के लिए मैं कहना चाहूंगी कि "बहुत हो गया।" हमने वृद्धि संबंधी दृष्टिकोण को अपानाया है, और अच्छे इरादे के बावजूद इसमें कोई सफलता नहीं मिली।" "सुरक्षा परिषद् में अर्द्ध उपायों का समय पूरा हो चुका है। समय आ गया है कि इससे पहले की बहुत देर हो जाए, हम अपने सारे कूटनीतिक माध्यमों का इस्तेमाल करें। हमें अब सबसे कठोर संभावित उपायों को अपनाना चाहिए।" "यह विचार जिसे कुछ देशों ने तथाकथित सख्ती के लिए सख्ती का सुझाव दिया है, वह अपमानजनक है। जब एक दुष्ट देश के परमाणु हथियार और आईसीबीएम हो और जिसके निशाने पर आप हों तो आप अपने हथियार डालने के लिए कदम नहीं उठाते हैं। हम तो कतई ऐसा नहीं करेंगे।" "केवल कठोर प्रतिबंध से ही हम कूटनीतिक रास्ते से इस समस्या का समाधान कर पाएंगे।" "मिसाइलों के दुरूपयोग और उनकी परमाणु हथियार की धमकी यह दर्शाता है कि वह युद्ध की मांग कर रहा है। अमेरिका कभी युद्ध की मांग नहीं करता है। हम अभी यह नहीं चाहते हैं। किंतु हमारे देश का धैर्य असीमित नहीं है। हम अपने मित्रों और अपने भूभाओं की रक्षा करेंगे।" **डोनाल्ड ट्रंप- राष्ट्रपति** 3 अगस्त, 2017 "अमेरिका अन्य उपायों के अतिरिक्त उत्तर कोरिया के साथ कारोबार कर रहे किसी भी देश के साथ सभी व्यापार को रोकने पर विचार कर रहा है।" "मैं जनरल कैली, जनरल मैटिस और अन्य सैन्य अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में उत्तर कोरिया पर चर्चा करने के लिए मुलाकात करूंगा। आपका धन्यवाद।" "जैसा कि मैंने उन्हें कहा था कि दक्षिण कोरिया यह देख रहा है कि उत्तर कोरिया के साथ उसकी तुष्टिकरण संबंधी बातचीत काम नहीं करेगा, वह केवल एक ही बात समझता है।" "..उत्तर कोरिया एक दुष्ट राष्ट्र है जो चीन के लिए खतरा और उलझन बन गया है, जो सहायता करने का प्रयास कर रहा है किंतु इसमें उसे बहुत कम सफलता प्राप्त हुई है।" "उत्तर कोरिया ने बड़े परमाणु परीक्षण किए हैं। उसके शब्द और कार्य लगातार बहुत ही दुश्मनी वाला और अमेरिका के लिए खतरनाक है....।" **जिम मैटिस – रक्षा सचिव** 3 सितम्बर, 2017 "हमारे पास बहुत सारे सैन्य उपाय हैं, और राष्ट्रपति इनमें से प्रत्येक उपाय को अपनाना चाहते थे।" "हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे पास स्वयं और अपने मित्रों – दक्षिण कोरिया और जापान - की किसी भी हमले से रक्षा करने की क्षमता है। और इन मित्र देशों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता लोहे की तरह मजबूत है।" "अमेरिका और इसके भूभाग- गुआम सहित- अथवा हमारे मित्र देशों के लिए किसी भी खतरे के प्रति भारी सैन्य प्रतिक्रिया – प्रभावी और अत्यधिक तीव्र होगी।" **स्टीव मुचिन- अमेरिकी ट्रेजरी सचिव** 3 सितम्बर, 2017 "हमने पहले ही उत्तर कोरिया के विरूद्ध प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया है किंतु मैं राष्ट्रपति के प्रबल विचारण के लिए उन्हें भेजने हेतु एक प्रतिबंध पैकेज का प्रारूप तैयार करने जा रहा हूं कि जो कोई भी

	देश उनके साथ कारोबार या व्यवसाय करने के इच्छुक है, उन्हें हमारे साथ कारोबार या व्यवसाय करने से रोका दिया जाएगा। हम अपने मित्रों के साथ कार्य कर रहे हैं। हम चीन के साथ कार्य करेंगे। किंतु लोगों को उत्तर कोरिया को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की आवश्यकता है। यह व्यवहार्य अस्वीकार्य है।"
दक्षिण कोरिया	**वक्तव्य – रक्षा मंत्रालय** 6 सितम्बर, 2017 "दो रक्षा प्रमुख (आरओके और अमेरिका) संयुक्त रक्षा संबंधी रूख को सुदृद्ध करने और उत्तर कोरिया के उकसाने की कार्रवाई को रोकने के लिए कोरियाई प्रायद्वीप पर और उसके चारों ओर अमेरिकी रणनीतिक आस्तियों के नियमित अभ्यास को मजबूत करने व संयुक्त सैन्य कार्रवाई करने पर सहमत हुए।" **मून जे-इन- राष्ट्रपति** 5 सितम्बर, 2017 "हमारा रूख दृढ़ है- कोरियाई प्रायद्वीप पर और अधिक युद्ध नहीं होने चाहिए। कोरियाई प्रायद्वीप पर पुन: यदि कोई युद्ध हो तो इसका फैसला और कोई नहीं बल्कि कोरिया करे।" "हमारा उत्तर कोरिया सत्ता को गिराने अथवा उसे कब्जा कर इनका एकीकरण करने का कोई इरादा नहीं है। हम चाहते हैं कि उत्तर कोरिया की परमाणु संबंधी समस्या का समाधान हो और उत्तर कोरिया शासन को सुरक्षा की गारंटी मिले। हम कोरिया प्रायद्वीप में दीर्घकालिक शांति प्रणाली का निर्माण करने की इच्छा रखते हैं।" "साथ हीं, हम एक आर्थिक समुदाय सृजित करने की इच्छा रखते हैं जिसमें दक्षिण और उत्तर कोरिया एक साथ समृद्धि हासिल करें। यह रूस के सुदूर पूर्वी भाग का भी विकास के लिए लाभदायक होगा।" **कांग क्यूंग-व्हा - विदेश मंत्री** 5 सितम्बर, 2017 "उत्तर कोरिया को तेल की आपूर्ति रोकना एक महत्वपूर्ण तत्व है जिस पर अतिरिक्त प्रतिबंध के भाग के रूप में चर्चा की जा रही है।" "यह देखा जाना शेष है कि किस प्रकार से तेल आपूर्ति का मुद्दा नए संकल्प में परिलक्षित होगा।" **वक्तव्य - विदेश मंत्रालय** 5 सितम्बर, 2017 "हम सुरक्षा परिषद् के नए संकल्प को अपनाने सहित कठोर दंडात्मक उपाय पर विचार कर रहे हें।" "अन्य प्रमुख देशों के सहयोग से हम एक नए संकल्प को प्राप्त करने के लिए प्रयास करेंगे जिनमें विद्यमान संकल्प के तत्व से अधिक मजबूत तत्व हों।" **चो हेयून - उप विदेश मंत्री** 5 सितम्बर, 2017 "मैं इस पर बल देने की आवश्यकता को समझता हूं कि सभी विकल्प पटल पर हैं।" "किंतु हमें सावधान रहना चाहिए कि इसका अर्थ उत्तर कोरिया के विरूद्ध युद्ध अथवा उसके विरूद्ध कोई कार्रवाई करना नहीं है।" "युद्ध से होने वाली तबाही को देखते हुए हम विकल्प के रूप में युद्ध को स्वीकार नहीं कर सकते हैं।" "ऐसा इसलिए नहीं है कि हम कमजोर या कायर हैं, बल्कि वास्तव में क्योंकि हमारे जेहन में कोरियाई युद्ध की यादें स्पष्ट हैं।" "हमें वास्तव में आशा है कि किसी दिन इससे एक ऐसा वातावरण सृजित होगा जो परमाणु हथियार को समाप्त करने के लिए बातचीत, प्रथम बातचीत के अनुकूल हों।" "आज यह भले ही सुनने में अवास्तविक लगे किंतु हम इस आशा को छोड़ नहीं सकते हैं।" **मून जे-इन- राष्ट्रपति** 5 सितम्बर, 2017 "यह स्थिति हतोत्साहित करने वाला और कठिन है, किंतु हमारी सरकार सतत रूप से धैर्य व दीर्घकालिक प्रत्याशा के साथ कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति और समृद्धि को लाने की अपनी नीति के साथ आगे बढ़ती रहेगी।" "हम नहीं चाहते हैं कि उत्तर कोरिया की सरकार को गिरा दें अथवा उन्हें कब्जा कर एकीकरण करें। हम एक आर्थिक समुदाय गठित करना चाहते हैं जहां दक्षिण और उत्तर कोरिया एक साथ समृद्ध हों और इससे रूस का सुदूर पूर्वी भाग भी विकसित होगा।"

	चो मायोउंग-ग्योंग- एकीकरण मंत्री 5 सितम्बर, 2017 "उत्तर कोरिया के अंतर-कोरिया संबंधों के साथ प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति में रह कर अमेरिका के साथ अपने संबंध को ठीक करने पर फोकस करने की संभावना है।" "ऐसा प्रतीत हुआ कि उत्तर कोरिया का इरादा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी रूप से यह बतलाना है कि वह एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है और अपने परमाणु हमले व आपूर्ति क्षमता का प्रदर्शन करते हुए बाहरी प्रभाव खड़ा करता है। " "उत्तर कोरिया के उकसावे से उत्पन्न गंभीर सुरक्षा स्थितियों को देखते हुए सरकार उत्तर कोरिया की प्रवृत्ति, अंतरराष्ट्रीय समन्वय और जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट उपायों को लागू करने में बुद्धिमत्तापूर्ण दृष्टिकोण अपनाएगी। " **नाम ग्वान पियो- राष्ट्रपति के राष्ट्रपति के सुरक्षा कार्यालय में उप प्रमुख** 4 सितम्बर, 2017 "उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षण के कारण हम आशा करते हैं कि कोरिया – रूस शिखर सम्मेलन का बड़ा भाग उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षण से उत्पन्न स्थिति पर ध्यान केन्द्रित करे, देशों से संबंधित सूचना का आदान-प्रदान हो और भविष्य में इसके उपायों पर चर्चा हो।" **वक्तव्य - राष्ट्रपति का कार्यालय** 4 सितम्बर, 2017 "कोरिया एक ऐसा देश है जिसे आपसी कलह वाले युद्ध का अनुभव है। युद्ध की विभीषिका इस भूमि पर दुहरायी नहीं जानी चाहिए।" "हम उम्मीद नहीं छोड़ेंगे और कोरिया प्रायद्वीप को अपने मित्रों के साथ कार्य करते हुए शांतिपूर्ण माध्यमों से परमाणु हथियार विहीन करने के लिए कार्य करना जारी रखेंगे।" **वक्तव्य – विदेश मंत्रालय** 4 सितम्बर, 2017 "डीपीआरके के लापरवाह और गैर जिम्मेदाराना परमाणु परीक्षण जिसे आरओके सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बार-बार की चेतावनी के बाद किया गया था, को किसी भी रूप में सहन नहीं किया जाएगा।" "यह डीपीआरके पर निर्भर करता है कि वह अपना विकल्प चुने। डीपीआरके को यह महसूस करना चाहिए कि बार-बार उकसाने से कूटनीतिक अलगाव और आर्थिक दबाव और गहरा होगा। डीपीआरके को इस समय भी यह समझना होगा कि परमाणु विहीनता के लिए निर्णय करना एकमात्र उपाय है जो उसकी सुरक्षा और आर्थिक विकास की गारंटी दे सकता है तथा आरओके सरकार व अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा आफर किए गए बातचीत के संदेश के लिए सकारात्मक उत्तर दे सकता है। हम एकबार फिर डीपीआरके से आग्रह करते हैं कि वे परमाणु हथियार विहीनता के पथ पर तथा कोरिया प्रायद्वीप पर वास्तविक शांति को स्थापित करने के लिए आगे आएं।" **मून जे इन - राष्ट्रपति** 3 सितम्बर, 2017 "मैं इस अद्यतन उकसावे की कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं जो स्पष्टत: यूएनएससी संकल्प का उल्लंघन है और: विश्व की शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।" "मैं बहुत हीं क्षुब्ध और गुस्सा महसूस करता हूं।" "उत्तर कोरिया ने एक हास्यास्पद रणनीतिक गलती की है जो इसके बार-बार के उकसावे यथा अंत:महाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) को छोड़ना और परमाणु परीक्षण करना, जो न केवल कोरिया प्रायद्वीप पर तनाव को आगे बढ़ाएगा बल्कि वैश्विक शांति को समाप्त करेगा, के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उसे अलग-थलग करने को और बढ़वा देगा।" **पार्क सू-हुएन- प्रवक्ता, राष्ट्रपति कार्यालय** 2 सितम्बर, 2017 "राष्ट्रपति मून और राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने विचार की अभिपुष्टि की कि यह जरूरी है कि उत्तर कोरिया पर अधिकाधिक प्रतिबंध लगाकर और दबाब डालकर उसके परमाणु मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के लिए बातचीत की जाए।" "दोनों नेताओं ने नोट किया कि उत्तर कोरिया से उकसावे और धमकी से निपटने के लिए रिपब्लिक आफ कोरिया की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता है और दक्षिण कोरिया की ओर से

	आशा अनुसार 'मिसाइल दिशानिर्देश' में संशोधन करने के लिए एक समझौता किया गया।" **विवरण- रक्षा मंत्रालय** 1 सितम्बर, 2017 "उत्तर कोरिया को अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को छोड़ने हेतु दबाव डालने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ अधिकारीगण सहमत हुए।" "अमेरिका ने दक्षिण कोरिया और जापान के एशियाई मित्रों की रक्षा करने के अपनी कठोर प्रतिबद्धता की भी अभिपुष्टि की।"
चीन	**गेंग सुआंग- विदेश मंत्रालय प्रवक्ता** 5 सितम्बर, 2017 "कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु संबंधी मामले को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच बातचीत और समझौते के साथ शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान मुख्य बात है। हम आशा करते हैं कि संबंधित पक्ष अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उचित आह्वान पर ध्यान दें और एक दूसरे को उकसाने और आग में घी डालने के स्थान पर दिमाग ठंडा रखें।" "मैं इस बात पर जोर दूंगा कि कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु मुद्दे के समाधान के संदर्भ में सैन्य माध्यम का इस्तेमाल कोई व्यवहार्य विकल्प नहीं है और केवल प्रतिबंध लगाने से कभी भी इसका रास्ता नहीं निकलेगा।" **लियू जेई – संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थायी मिशन में राजदूत** 4 सितम्बर, 2017 "इस प्रायद्वीप के मुद्दे का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाना चाहिए। चीन कभी अव्यवस्था और इस प्रायद्वीप पर युद्ध की अनुमति नहीं देगा।" **गेंग शुआंग – विदेश मंत्रालय प्रवक्ता** 4 सितम्बर, 2017 "चीन सदा ही कोरिया प्रायद्वीप पर शांति और स्थायित्व को बनाए रखते हुए तथा बातचीत व समझौते के साथ संगत मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देते हुए इस प्रायद्वीप को परमाणु हथियार मुक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य होने के कारण चीन इस स्थिति का अवलोकन करेगा और एक जिम्मेदार व रचनात्मक रूख के साथ इस संगत चर्चा में भाग लेगा।" **वांग यी – विदेश मंत्री** 3 सितम्बर, 2017 "अंरराष्ट्रीय समुदाय के सामान्य विरोध के प्रति उदासीनता दर्शाते हुए उत्तर कोरिया ने पुन: परमाणु परीक्षण किया। ..... चीन कठोरता से इसका विरोध करता है और साथ हीं कड़ाई से इसकी निंदा करता है।" चीन चाहता है कि उत्तर कोरिया, कोरियाई प्रायद्वीप को परमाणु हथियार विहीन करने की ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की निष्ठा को निभाए, इस वक्तव्य में यह भी जोड़ा गया कि "इस प्रायद्वीप को परमाणु विहीन करना और पूर्वोत्तर एशिया में शांति व सुरक्षा को बनाए रखना चीन का ठोस रूख है।"
रूस	**व्लादिमीर पुतिन - राष्ट्रपति** 5 सितम्बर, 2017 "रूस उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षण की निंदा करता है, हमारा मत है िक ये कृत्य उकसावे वाली हैं। " "उत्तर कोरिया को इस परीक्षण को भूलना होगा। " "इस संबंध में प्रतिबंध का इस्तेमाल बेकार और अपर्याप्त हैं।" "प्रतिबंध पहले से हीं बहुत अधिक है और ये पूर्णत: अपर्याप्त हैं।" "इसमें कोई बात नहीं है कि हमने उत्तर कोरिया पर कैसे दबाव डाला, इस कारण उत्तर कोरिया के रूख में कोई बदलाव नहीं होगा, और लाखों लोगों के कष्ट कई गुणा बढ़ सकते हैं।" "वर्तमान स्थिति में, सैन्य धमकी देना बेकार है, इससे कोई रास्ता नहीं निकलेगा।"

	व्लादिमीर पुतिन - राष्ट्रपति 5 सितम्बर, 2017 "रूस उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षण की निंदा करता है, हम मानते हैं कि ये कृत्य उकसावे वाली है .... (किंतु) सैनिक कार्रवाई की धमकी से किसी का भला नहीं होगा। इससे वैश्विक प्रलय आ सकता है।" "शांतिपूर्ण रास्ते के अतिरिक्त और कोई रास्ता नहीं हो सकता है।" "जिस प्रतिबंध सूची में उत्तर कोरिया को रखा गया है, उसी सूची में हमें रखना और उसके बाद उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाने में हमारी सहायता मांगना हास्यास्पद है।" "यह कार्य ऐसे लोगों द्वारा किया जा रहा है जो आस्ट्रेलिया को आस्ट्रिया के साथ जोड़ते हैं।" **वेसेली नेवेन्जिया – संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस के स्थायी मिशन का राजदूत** 4 सितम्बर, 2017 "मस्तिष्क को ठंडा रखने और किसी भी ऐसे कृत्य से बचने की आवश्यकता है जो इस तनाव को और अधिक बढ़ाता हो।" **वक्तव्य – विदेश मंत्रालय** 3 सितम्बर, 2017 "हम 3 सितम्बर को डीपीआरके द्वारा अंत:महाद्वीपय बैलेस्टिक मिसाइल के लिए थर्मोन्यूक्लियर विस्फोटक उपकरण के परीक्षण की घोषणा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं।" "यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के संबंधित प्रस्तावों और अंतरराष्ट्रीय कानून की मांग के संदर्भ में प्योंगप्यांग की सीधी अवहेलना है और इसकी पूर्ण निंदा की जानी चाहिए।" "यह आवश्यक है कि किसी भी कार्रवाई से दूर रहा जाए और दिमाग को ठंडा रखा जाए ताकि तनाव में और बढ़ोतरी न हो।" **व्लादिमीर पुतीन - राष्ट्रपति** 1 सितम्बर, 2017 "रूस का विश्वास है कि प्योंगप्यांग पर अपने परमाणु मिसाइल कार्यक्रम के लिए दबाव डालने की नीति गुमराह करने वाला और बेकार है।" "इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किसी शर्त के बिना सभी संबंधित पक्षों के साथ सीधी बातचीत के जरिये ही सुलझाया जाना चाहिए। उकसावे, दबाव और सैन्य कार्रवाई व बार-बार अपमान करने का कोई प्रतिफल नहीं निकलेगा।"
जापान	**इत्सूनोरी ओनोडेरा – रक्षा मंत्री** 6 सितम्बर, 2017 उत्तर कोरिया का अद्यतन परमाणु परीक्षण "उत्तर कोरिया द्वारा पूर्व में किए गए परमाणु परीक्षणों से अधिक भयानक है। हम इस संभावना से इंकार नहीं कर सकते हैं कि यह हाइड्रोजन बम परीक्षण था।" "(उत्तर कोरिया) न केवल बैलेस्टिक मिसाइल विकसित कर रहा है बल्कि अपनी परमाणु प्रौद्योगिकी भी विकसित कर रहा है।" अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस के साथ टेलिफोन चर्चा पर रिपोर्टरों से बात करते हुए मंत्री ओनोडेरा ने कहा कि रविवार का परीक्षण पूर्व में किए गए परीक्षणों से अधिक शक्तिशाली था और यह हमारे देश की सुरक्षा के लिए एक नया, अधिक गंभीर और धमकी भरा दबाव है।" "मंत्री मैटिस ने इसी विचार को व्यक्त किया।" उन्होंने यह कहते हुए मैटिस को उद्धृत किया कि अमेरिकी की परमाणु छतरी के विशेष निवारक का उद्धरण देते हुए जापान की रक्षा करेगा।". **शिंजो अबे- प्रधानमंत्री** 5 सितम्बर, 2017 "मैं आशा करता हूं कि जापान और रूस तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के कठोर प्रस्ताव सहित विश्व समुदाय की ओर से संयुक्त कार्रवाई और उत्तर कोरिया पर अत्यधिक दबाव से उसकी नीतियों में बदलाव आएगा। " "इस उद्देश्य के लिए मैं रूस का आह्वान करता हूं कि वह सहयोग करे ताकि यह वर्तमान स्थिति में पहल को दृढ़ता से दर्शाए।"

	टारो आसो- उप प्रधानमंत्री 5 सितम्बर, 2017 "भी हमें यह करना है कि हम विभिन्न तरीकों से प्योंगयांग पर दबाव डालें।”. **शिंजो अबे- प्रधानमंत्री** 3 सितम्बर, 2017 “उत्तर कोरिया का परमाणु और मिसाइल विकास खतरे के एक नए स्तर पर पहुंच गया है जो जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिक गंभीर और आसन्न बन गया है तथा इस क्षेत्र व अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति व सुरक्षा को खतरे में डालता है। उत्तर कोरिया द्वारा आज का परमाणु परीक्षण संगत यूएनएससी संकल्पों का एक स्पष्ट व लगातार उल्लंघन है तथा यह अंतरराष्ट्रीय निशस्त्रीकरण और परमाणु हथियार के अप्रसार (एनपीटी) संबंधी संधि के मध्य में अप्रसार पद्धति के लिए गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है। यह जापान-डीपीआरके प्योंगयांग घोषणा तथा छह पक्षीय बातचीत के संयुक्त वक्तव्य का भी उल्लंघन करता है। जापान उत्तर कोरिया के विरूद्ध गंभीर विरोध दर्ज करता है और उत्तर कोरिया की कड़े शब्दों में निंदा करता है।”

****

**डॉ. जोजिन वी. जॉन, भारतीय विश्व मामले परिषद, नई दिल्ली में अध्येता हैं*

अस्वीकरण: व्यक्त मंतव्य लेखक के हैं और परिषद के मंतव्यों को परिलक्षित नहीं करते।

पादटिप्पणियां ::

1 "FM Spokesman Denounces U.S. for Trying to Impose Additional Sanctions on DPRK", KCNA, सितम्बर 5, 2017, https://kcna.kp/ Alternative Source: https://kcnawatch.co/newstream/1504632661-85282439/fm-spokesman-denounces-u-s-for-trying-to-impose-additional-sanctions-on-dprk/

2 “North Korea warns that 'more gift packages' on way to U.S”., Reuters, सितम्बर 5, 2017 http://www.reuters.com/article/us-northkorea-missiles-envoy/north-korea-warns-that-more-gift-packages-on-way-to-u-s-idUSKCN1BG1BT

3 “U.S. Should Be Mindful of DPRK's Warning “, Rodong Sinmun, सितम्बर 5, 2017 http://rodong.rep.kp/en/index.php?strPageID=SF01_02_01&newsID=2017-09-05-0010

4 "DPRK Nuclear Weapons Institute on Successful Test of H-bomb for ICBM", KCNA, सितम्बर 3, 2017, https://kcnawatch.co/newstream/1504452691-4220098/dprk-nuclear-weapons-institute-on-successful-test-of-h-bomb-for-icbm/

5 "Kim Jong Un Gives Guidance to Nuclear Weaponization", Rodong Sinmun, सितम्बर 3, 2017, http://rodong.rep.kp/en/index.php?strPageID=SF01_02_01&newsID=2017-09-03-0001

6 "N. Korea condemns U.S.-Japan military cooperation", The Yonhap News, सितम्बर 1, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/news/2017/09/01/0200000000AEN20170901007500315.html

7 "FM Spokesman Rejects "Presidential Statement" of UNSC", Rodong Shinmun, सितम्बर 1, 2017, http://rodong.rep.kp/en/index.php?strPageID=SF01_02_01&newsID=2017-09-01-0003

8 Donald Trump, Twitter, सितम्बर 5, 2017,

https://twitter.com/realDonaldTrump/status/905047095488516098

9 "Press Briefing by Press Secretary Sarah Sanders", The White House, सितम्बर 5, 2017,

https://www.whitehouse.gov/the-press-office/2017/09/05/press-briefing-press-secretary-sarah-sanders-952017-10

10 “U.S. to continue deployment of defense assets to Korea: Pacific Fleet chief”, The Yonhap news, सितम्बर 5, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/05/0401000000AEN20170905003500315.html

11 “Remarks at an Emergency UN Security Council Briefing on North Korea”, U.S. Mission to the United Nations, सितम्बर 4, 2017, https://usun.state.gov/remarks/7953

12 Donald Trump, Twitter, सितम्बर 3, 2017,

https://twitter.com/realDonaldTrump/status/904377075049656322

13 Donald Trump, Twitter, सितम्बर 3, 2017,

https://twitter.com/realDonaldTrump/status/904375314830249984

14 Donald Trump, Twitter, सितम्बर 3, 2017,

https://twitter.com/realDonaldTrump/status/904309527381716992

15 Donald Trump, Twitter, सितम्बर 3, 2017,

https://twitter.com/realDonaldTrump/status/904307898213433344

16 Donald Trump, Twitter, सितम्बर 3, 2017,

https://twitter.com/realDonaldTrump/status/904305644651634688

17 "Secretary Mattis Statement at the White House", U. S Department of Defense, सितम्बर 3, 2017,

https://www.defense.gov/News/Transcripts/Transcript-View/Article/1298860/secretary-mattis-statement-at-the-white-house/

18 "Sec. Mnuchin talks cutting off North Korea economically", Fox News, सितम्बर 3, 2017,

http://www.foxnews.com/transcript/2017/09/03/sec-mnuchin-talks-cutting-off-north-korea-economically.html

19 "Seoul, Washington defense chiefs agree to strengthen deployment of U.S. strategic assets", The Yonhap news, सितम्बर 6, 2017,

http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/06/0401000000AEN20170906000200315.html

20 “South Korean president: No more wars on Korean peninsula”, TASS, सितम्बर 5, 2017,

http://tass.com/world/963832

21 "S. Korea seeks 'powerful' punitive measures over N.K. nuke test", The Yonhap News, सितम्बर 5, 2017,

http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/05/0401000000AEN20170905007052315.html

22 "S. Korea seeks 'powerful' punitive measures over N.K. nuke test", The Yonhap News, सितम्बर 5, 2017,

http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/05/0401000000AEN20170905007052315.html

23 "S. Korean vice FM rules out war on Korean Peninsula", The Yonhap News, सितम्बर 6, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/06/0401000000AEN20170906001800315.html

24 “Moon says it is not right time for talks with North”, The Yonhap News, सितम्बर 5, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/05/30/0401000000AEN20170905011000315F.html

25 “N.K. to weigh further provocations while watching new U.N. sanctions: Seoul”, The Yonhap News, सितम्बर 5, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/05/97/0401000000AEN20170905006900315F.html

26 “Moon, Putin to focus on N. Korean nukes in upcoming summit: official”, The Yonhap News, सितम्बर 4, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/news/2017/09/04/0200000000AEN20170904014051315.html

27 "Seoul emphasizes peninsula peace in response to Trump's 'appeasement' rebuke", The Yonhap News, सितम्बर 4, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/04/0401000000AEN20170904000351315.html

28 "Statement by the Government of the Republic of Korea on the DPRK’s Sixth Nuclear Test on सितम्बर 3", Ministry of Foreign Affairs, ROK, सितम्बर 4, 2017,
http://www.mofa.go.kr/ENG/press/pressreleases/index.jsp?menu=m_10_20&sp=/webmodule/htsboard/template/read/engreadboard.jsp%3FtypeID=12%26boardid=302%26seqno=319026%26tableName=TYPE_ENGLISH

29 "Seoul says will seek most powerful U.N. sanctions to 'completely' isolate N. Korea", The Yonhap News Agency, सितम्बर 3, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/03/0401000000AEN20170903003753315.html

30 "Moon, Trump agree to build up missile deterrence, bring N. Korea back to dialogue", The Yonhap News, सितम्बर 2, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/02/0401000000AEN20170902000553315.html

31 "S. Korea, U.S., Japan vow to step up cooperation against N.K. missile threats", The Yonhap News, सितम्बर 1, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/01/93/0401000000AEN20170901006100315F.html

32 “Foreign Ministry Spokesperson Geng Shuang's Regular Press Conference”, Ministry of Foreign Affairs, PRC, सितम्बर 5, 2017,
http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1490193.shtml

33 “U.S. calls for 'strongest possible' sanctions against N.K”., The Yonhap News, सितम्बर 4, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/04/0401000000AEN20170904016952315.html

34 Foreign Ministry Spokesperson Geng Shuang's Regular Press Conference, Ministry of Foreign Affairs, PRC, सितम्बर 4, 2017,
http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1489891.shtml

35 "China, Japan condemn N. Korea's nuclear test", The Yonhap New, सितम्बर 3, 2017,
http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/03/0401000000AEN20170903004600315.html

36 "Putin says sanctions on North Korea unlikely to work", TASS, सितम्बर 5, 2017, http://tass.com/politics/963702

37 "Putin calls tougher North Korea sanctions senseless, warns of 'global catastrophe'", Reuters, सितम्बर 5, 2017, https://www.reuters.com/article/us-northkorea-missiles-putin-sanctions/putin-calls-tougher-north-korea-sanctions-senseless-warns-of-global-catastrophe-idUSKCN1BG0OG

38 "U.S. calls for 'strongest possible' sanctions against N.K"., The Yonhap News, सितम्बर 4, 2017, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2017/09/04/0401000000AEN20170904016952315.html

39 "Statement of the Ministry of Foreign Affairs of the Russian Federation", Ministry of Foreign Affairs, Russian Federation, सितम्बर 3, 2017, http://www.mid.ru/en/foreign_policy/news/-/asset_publisher/cKNonkJE02Bw/content/id/2851809

40 "North Korean problem should be solved through dialogue, not pressure — Putin", TASS, सितम्बर 1, 2017, http://tass.com/world/963095

41 "N. Korea nuke yield estimate upgraded to 160 kilotons: Japan", The Kyodo News, सितम्बर 6, 2017, https://english.kyodonews.net/news/2017/09/da4d26f57bfb-update2-japan-us-defense-chiefs-agree-to-add-pressure-on-n-korea.html

42 "Japanese PM urges Russia to collaborate in untangling situation around DPRK", TASS, सितम्बर 5, 2017, http://tass.com/world/963903

43 "Japan seeks stricter UN sanctions on N. Korea over nuclear test", The Mainichi, सितम्बर 5, 2017, https://mainichi.jp/english/articles/20170905/p2g/00m/0dm/079000c

44 "Statement by Prime Minister Shinzo Abe (on the Nuclear Test by North Korea)", Office of the Prime Minister of Japan and His Cabinet, सितम्बर 3, 2017, http://japan.kantei.go.jp/97_abe/statement/201709/1224276_11585.html